संख्या – सीएम 1816/15-7-05 -16122 1/2005

प्रेषक,

शिव प्रकाश गुप्त,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र-2, सामुदायिक केन्द्र,
प्रीति विहार, नई दिल्ली ।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 02 जून, 2005

विषय:- सुमित्रा माडर्न स्कूल 464 विजयलक्ष्मीनगर, सीतापुर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं है:-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा ।

(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।

(3) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेंगे और उनसे उ0प्र0मा0शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।

(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बालक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है तथा विद्यालय की संबद्धता केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन नई दिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेंगे ।

---2-

R.K. Mehta
(R.K.Mehta)
Manager
Sumitra Modern School
Sitapur
(School Code-

Self attested

SUMITRA MODERN SCHOOL NAIPALAPUR
Principal

5. संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों को अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेगें ।

6. कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेगें ।

7. राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें संस्था उनका पालन करेगी ।

8. विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र/पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

9. उक्त शर्तों में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/संशोधन/परिवर्द्धन नहीं किया जायगा ।

उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय,

/

(शिव प्रकाश गुप्ता)
संयुक्त सचिव ।

पृ०संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, सीतापुर ।
4- निरीक्षक, आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0, लखनऊ ।
5- प्रबंधक, सुमित्रा माडर्न स्कूल, 464 विजयलक्ष्मीनगर, सीतापुर ।
6- गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(शिव प्रकाश गुप्ता)
संयुक्त सचिव ।

Self attested

SUMITRA MODERN SCHOOL
Principal
NAIPALAPUR

(R.K.Mehta)
Manager
Sumitra Modern School
Sitapur
(School Code-

प्रेषक,

पंजीकृत

संयुक्त शिक्षा निदेशक,
षष्ठ मण्डल, लखनऊ/सदस्य सचिव

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र–2 समुदाय केन्द्र,
प्रीति बिहार, नई दिल्ली

पत्र संख्या–नि0–2/एन0ओ0सी0/ 10518 /2019–20 दिनांक 18-01-2020

विषय– सुमित्रा मार्डन स्कूल, टेढ़वा चिलौला, लखीमपुर रोड, सीतापुर को शासन द्वारा प्रदत्त सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र में पता परिवर्तन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया प्रबन्धक, सुमित्रा मार्डन स्कूल, टेढ़वा चिलौला, लखीमपुर रोड, सीतापुर के पत्र दिनांक 30.08.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा उन्होनें शासन के पत्र संख्या सीएम 1816/15–7–05–16 (22)/ 2005 दिनांक 02.06.2005 द्वारा सुमित्रा मार्डन स्कूल, 464 विजय लक्ष्मी नगर, सीतापुर को सी0बी0एस0ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु प्रदत्त अनापित्त प्रमाण पत्र में पता के नाम को सम्मिलित करते हुए सुमित्रा मार्डन स्कूल, 464 विजय लक्ष्मी नगर, सीतापुर के स्थान पर सुमित्रा मार्डन स्कूल, 464 विजय लक्ष्मी नगर, टेढ़वा चिलौला लखीमपुर रोड, सीतापुर अंकित करने का अनुरोध किया है।

इस कम में अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या सीएम 1816/15–7–05–16 (22)/ 2005 दिनांक 02.06.2005 द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर ही आपके पत्र संख्या CBSE/Aff./2130770/06/ 52537-541 Dated 10-02-2006 (छाया प्रति संलग्न) के द्वारा प्रश्नगत विद्यालय को Fresh Composite Provisional Affiliation प्रदान किया गया था, जिसमें विद्यालय का नाम तथा पता निम्नवत् अंकित है:–

"Sumitra Modern School, 464J Vijay Laxmi Nagar. Terwa Chillola. Lakhimpur Road. Dist Sitapur, UP-261001"

इस कम अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 18.12.2019 को जिला विद्यालय निरीक्षक, सीतापुर के साथ विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान के प्रश्नगत विद्यालय टेढ़वा चिलौला, लखीमपुर रोड, सीतापुर में ही संचालित पाया गया।

शासन के पत्र दिनांक 02.06.2005 के आधार पर बोर्ड द्वारा दिये गयी प्रोविजनल सम्बद्धता एवं बोर्ड द्वारा निर्गत अन्य अभिलेखों में विद्यालय के पते के रूप में टेढ़वा चिलौला, लखीमपुर रोड, सीतापुर अंकित किया गया है।

अतः उक्त के आलोक में प्रश्नगत विद्यालय के पते के रूप में टेढ़वा चिलौला, लखीमपुर रोड, सीतापुर सम्मिलित किये जाने में कोई विधिक कठिनाई नहीं प्रतीत होती है। कृपया तत्क्रम में अग्रेत्तर कार्यवाही करने पर विचार करने का कष्ट करें।

भवदीय

(सुरेन्द्र कुमार तिवारी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक,
षष्ठ् मण्डल, लखनऊ।

(R.K. Mehta)
Manager
Sumitra Modern School
Sitapur
(School Code-

Self attested

SUMITRA MODERN SCHOOL
Principal
NAIPALAPUR